आनंदपुर पंचायत शिमला में पर्यावरण स्वच्छता एवं बिजली बचत पर ग्रामीणों एवं स्कूली छात्रों को जागरूकता कार्यक्रम पर रिपोर्ट

A Report on awareness program for villagers and students on environmental cleanliness and electricity saving in Anandpur Panchayat Shimla

हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला ने आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं लाइफ मिशन के अंतर्गत "पर्यावरण स्वच्छता एवं बिजली बचत पर 11 अप्रैल, 2023 को आनंदपुर पंचायत शिमला, (हि॰प्र॰) में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । डॉ॰ जोगिंदर सिंह चौहान, मुख्य तकनीकी अधिकारी हि॰व॰अ॰स॰, शिमला, ने संस्थान के कार्यक्षेत्र तथा अनुसंधान गतिविधियों पर प्रकाश डाला । इसके अलावा उन्होने कहा कि हमे बच्चो में शुरू से स्वच्छता की आदतें डालकर उन्हे पर्यावरण के प्रति जागरूक करना चाहिए, ताकि अभी से उनके मन मस्तिष्क में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मकता विकसित हो । डॉ. जगदीश सिंह, वैज्ञानिक-एफ ने "विभिन्न पर्यावरण प्रदूषण और इनके दुष्प्रभाव एवं निवारण के बारे मे व्यख्यान दिया । उन्होंने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण के मुख्य कारणों में शहरीकरण और औद्योगीकरण, खनन, जीवाश्म ईंधन का जलना, प्लास्टिक और कण पदार्थ होते हैं । इसके कारण हमारे वायु, जल एवं स्थल प्रदूषित होते है । पर्यावरण प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग हो रही है, जिसके फलस्वरूप हिमालयी क्षेत्रों ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे है, जो कि चिंता का विषय है । उन्होने ठोस कचरा प्रबंधन के बारे में भी बात की । डॉ॰ संदीप शर्मा, निदेशक, हि॰व॰अ॰स॰, शिमला, ने वताया कि प्रति वर्ष उत्पादित 380 मिलियन टन प्लास्टिक में से लगभग 31 मिलियन टन पर्यावरण में और लगभग 8 मिलियन समुद्र प्रवेश करता है । उन्होंने कहा कि हमें एकल उपयोग होने वाली चीजों जैसे कि प्लास्टिक का उपयोग न करे । भारत सरकार ने भी एकल उपयोग प्लास्टिक पर बैन लगाया है । उन्होनें कहा कि भविष्य में बिजली की कमी होने की संभावना है । बिजली को जरूरत के हिसाब से ही उपयोग किया जाना चाहिए । उन्होनें बिजली बचाने के विभिन्न सुझाव दिये । श्री कुलवंत राय गुलशन, सीनियर तकनीशियन ने छात्रों को "मिशन लाइफ" पर प्रस्तुति दी । श्री स्वराज सिंह एवं कुलवंत राय गुलशन ने कार्यक्रम करवाने मे सहयोग किया । कार्यक्रम में आनंदपुर पंचायत प्रधान श्रीमति सुनीता वर्मा, श्रीमति रेणु, बार्ड मेम्बर, श्रीमति रीता भारद्वाज, ग्रामीणो एवं राजकीय उच्च पाठशाला आनंदपुर के छात्र एवं छात्राओं सहित 50 लोगों ने भाग लिया ।

Glimpses of Activities

मीडिया कवरेज़

आनंदपुर पंचायत में दिए बिजली बचत के टिप्स

शिमला। हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं लाइफ मिशनके अंतर्गत पर्यावरण स्वच्छता एवं बिजली बचत पर मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। डा. जोगिंदर सिंह चौहान, मुख्य तकनीकी अधिकारी, ने संस्थान के कार्यक्षेत्र तथा अनुसंधान गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डा. जगदीश सिंह, वैज्ञानिक-एफ ने विभिन्न पर्यावरण प्रदूषण और इनके दुष्प्रभाव एवं निवारण के बारे में व्यख्यान दिया। उन्होनें बिजली बचाने के विभिन्न सुझाव दिये। इस दौरान कुलवंत राय गुलशन, सीनियर तकनीशियन ने छात्रों को मिशन लाइफ पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कुलवंत राय गुलशन, स्वराज सिंह के अलावा आनंदपुर पंचायत प्रधान सुनीता वर्मा, रेणु,रीता भारद्वाज,ग्रामीणो एवं राजकीय उच्च पाठशाला आनंदपुर के छात्र एवं छात्राओं सहित 50 लोगों ने भाग लिया ।

*****